डॉ० बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–13.05.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 09:30 बजे मोईनुल हक स्टेडियम के ससमय निर्माण कार्य की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
3. श्री नीरज सिंह, वरीय महाप्रबंधक, बी0सी0ए0, पटना।

कार्यवाही

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

श्री नीरज सिंह, वरीय महाप्रबंधक, बी0सी0ए0 द्वारा बताया गया कि मोईनुल हक स्टेडियम परिसर में पुराने अवसंरचना को तोड़ने (ध्वस्तीकरण) का कार्य अभी पिछले एक सप्ताह से बंद है। रिक्त जगह नहीं होने के कारण मशीनें तथा कर्मी खाली बैठे हैं।

उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कदमकुऑ थाना तथा उनके द्वारा जब्त सामग्री, साईं परिसर तथा दक्षिण–पश्चिम तरफ के गैलरी में थाना कर्मियों का आवासन होने के कारण ध्वस्तीकरण का कार्य पूर्ण रूप से बाधित है।

उक्त समस्याओं के कारण नियुक्त संवेदक द्वारा क्षतिपूर्ति का दावा किया जा रहा है। पश्चिमी परिसर में विभाग का बहुत सारा सामान भू–तल तथा प्रथम–तल पर स्थित कमरों में रखा हुआ है, जो अभी तक खाली नहीं हुआ है। उनके द्वारा अविलम्ब समस्याओं का निराकरण करने का अनुरोध किया गया।

उपर्युक्त के संबंध में अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग द्वारा दिनांक–18.05.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे आयोजित होने वाले बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/महाप्रबंधक, पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि0, पटना/ मानद सचिव,

12.5.26

बिहार क्रिकेट एशोसिएशन, पटना को उपस्थित रहने के लिए पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

अगली बैठक **दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे** आहूत की जायेगी।

धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Rajendra 14.5.2026
(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक – 1/स्था०–05–06/2024/1768/ पटना, दिनांक–14.5./2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान अप्त सचिव/निदेशक, खेल विभाग/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार,पटना/आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षम, पटना/ महाप्रबंधम, पटना, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि0, पटना/मानद सचिव, बिहार बी0सी0ए0, पटना /सी0ई0ओ, बी0सी0ए0, पटना/ अवर सचिव, खेल विभाग (प्रभारी प्रशाखा–05)/ सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा), खेल निदेशालय/श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन/सोमेश्वर राव, प्रभारी, साई, पटना/ आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.5.26

Rajendra 14.5.2026
अपर मुख्य सचिव।